>

Title: Need for early completion of bye-pass at Pune in Maharashtra to connect the National Highway with State Highway.

श्री विट्ठल तुपे (पुणे): सभापति महोदय, महाराष्ट्र के पूना शहर में सड़क यातायात व्यस्त होने के कारण सड़क दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ी है। शहरवासियों पर यातायात का और उससे उत्पन्न प्रदूषण का दबाव कम करने के लिए शहर के अन्दर से जाने वाले राष्ट्रीय महामार्ग और राज्य महामार्ग शहर के बाहर से बाइपास से जोड़ने की योजना के ईस्टर्न डिवीजन हिस्से का काम काफी दिनों से अधूरा पड़ा है। कामन से निकलकर लोणी कंद तक जाने वाला यह रास्ता शीघ्रातिशीघ्र पूरा करना जरूरी है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उक्त कार्य को शीघ्रातिशीघ्र पूरा किया जाये।